Reg. No. :- JH-11-0004329

# अपेम लाइव न्यूज

(Art, Agriculture, Press & Education, Health Management)

(अपेम ट्रस्ट के अंतर्गत बरही से संचालित एवं प्रसारित, Reg. No. :- 2020/BAR/80/BK/01)

दैनिक संध्या डिजिटल अखबार सच का साथी दिनांक 27-04-2022 अंक 209

Website- www.apemlive.com संपर्क सूत्र 9550809864,9934337941,8969504178 Email Id- liveapem@gmail.com

## न्यूज ब्रीफ

### लू लगने से स्कूली छात्रा हुई बेहोस



बरही प्रखंड अंतर्गत करसो में संचालित उत्क्रमित मध्य विद्यालय में कक्षा तीन की छात्रा प्रीती कुमारी उम्र 10 वर्ष पिता सुरेंद्र कुमार लू लगने से बेहोस हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार बढ़ती गर्मी के कारण स्कूल में चक्कर आया और वह गिर पड़ी। इस बात की सूचना विद्यालय के शिक्षकों के द्वारा प्रीती के माता पिता को दी गई। इस बात की सूचना मिलते ही प्रीति मां विद्यालय पहुंची और प्रीति को बरही अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया। जहां प्रीति का उपचार किया गया।

## सूचना


आप सभी मुखिया एवं वार्ड सदस्य प्रत्याशियों को सूचित किया जाता है। की दिन गुरुवार को 11 बजे पर्यवेक्षक की अध्यक्षता में एक बैठक आहूत किया गया है। जिसमे आप सभी की उपस्थिति प्रखंड कार्यालय में अनिवार्य है।

# कोडरमा सदर अस्पताल में स्वास्थ्यकर्मियों के साथ किया गया मारपीट

## मारपीट के विरोध में स्वास्थ्यकर्मियों ने किया धरना प्रदर्शन, गिरफ्तारी की मांग

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

कोडरमा सदर अस्पताल में मरीज के परिजनों द्वारा स्वास्थ्य कर्मचारियों के साथ मारपीट की गई जो काफी निंदनीय है। मंगलवार सुबह प्रसव करने आई रजौली की महिला के परिजनों ने लापरवही का आरोप लगाते हुए स्वास्थक. र्मियो के साथ मारपीट कर दी। इसके विरोध मे जिले के सभी स्वास्थ्य कर्मी हड़ताल पर चले गए हैं। सवाल यह उठता है कि ला. परवाही शब्द का पिछले 30 वर्षों में चिकित्सकों और अन्य स्वास्थ्यकर्मियों को बदनाम और प्रताड़ित करने के लिए किया गया है। जबकि सभी जानते हैं कि कोई भी चिकित्सक इलाज या आपरेशन में लापरवाही नही करता है बल्कि वो चाहता है कि उसके इलाज में मरीज स्वस्थ हो जाए ।



डॉ अनिल कुमार

दूर दराज इलाको में स्वास्थ्य सुविधाओं का अभाव हो सकता है, महंगी महंगी MRI ,CT वेंटिलेटर सभी अस्पतालों में उपलब्ध होना संभव नही है लेकिन चिकित्सक, सर्जन स्वयं जोखिम उठा कर अपने तकनीक और अनुभव से मरीजों का सफल आप. रेशन, इलाज करते हैं। अगर दुर्भाग्यवश मरीज की मौत हो जाती है तो लाप. रवाही का आरोप लगा कर मारपीट करना क्या उचित है? क्या मरीज अपने मर्जी के वजह से नही मर सकता है, आखिर वो बीमार है तभी तो वो अस्पताल आया है। मात्र एक माह बीता है जब एक महिला डॉक्टर को लाप. रवाही के आरोप के कारण इतनी मानसिक प्रताड़ना हुई कि उसे आत्महत्या जैसा कदम उठाना पड़ा। अगर मरीज के परिजन हिंसा करेंगे तो अन्य लाचार मरीजो को भी खामियाजा भुगतना पड़ेगा और मामूली इलाज,अथवा माइनर सर्जरी के लिए रेफर होना पड़ेगा क्योंकि कोई भी चिकित्सक अपनी जान जोखिम में क्यों डालेगा। जरूरत है ऐसे लोगो के साथ कानून अपराधियो की तरह पेश आये और मेडिकल प्रोटेक्शन एक्ट के तहत कठोर कार्यवाही करे. ।इनकी जगह सलाखों के पीछे है ना कि सभ्य समाज मे ।वर्तमान में कोडरमा सदर अस्पताल में इतनी बेहतर स्वास्थ सुविधाएँ उपलब्ध हैं जो एक बड़े कॉर्पोरेट अस्पताल में नही मिल सकती है और वो भी बिल्कुल मुफ्त! चंद आपरा. धिक मानसिकता वाले लोगो के हिंसात्मक रवैयों के कारण मरीज -- चिकित्सक के संबंध को खराब करने की छूट किसी को भी नही दी जा सकती है। मेडिकल प्रोटेक्शन एक्ट को सरकार को सख्ती से लागू करना चाहिए और FIR में सभी नामित अपराधियोंको जेल भेजना चाहिए










सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर












सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

## पंचायत चुनाव से बुधवार को आठ मुखिया प्रत्याशी ने नाम लिया वापस

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



बरही प्रखंड अंतर्गत पंचायत चुनाव को लेकर किए गए नामांकन के बाद 28 अप्रैल तक नाम वापस करने का अंतिम तिथि है। वहीं बुधवार को करियातपुर पंचायत के मुखिया प्रत्याशी बिनोद रविदास, धनवार पंचायत के मुखिया प्रत्याशी संजय प्रसाद कुशवाहा, बसरिया पंचमाधव पंचायत से कुसुम देवी, कोनरा पंचायत से कैशर प्रवीण एवं शहनाज प्रवीण, धनवार पंचायत से नकुल कुमार, बेंदगी पंचायत से पूजा देवी एवं करियातपुर से बिनोद कुमार ने अपना नाम वापस लिया है। बाकी बचे सभी प्रत्याशियों को 29 अप्रैल को चुनाव चिन्ह आवंटित कर दिया जाएगा। चुनाव चिन्ह आवंटित होते ही बाकी बचे प्रत्याशी पंचायत चुनाव में अपना अपना भाग्य आजमाएंगे।

APEM LIVE NEWS
सच का साथी

## धनवार पंचायत से मुखिया प्रत्याशी अनिरुद्ध प्रसाद के समर्थन में संजय प्रसाद ने लिया नाम वापस

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



बरही प्रखंड अंतर्गत धनवार पंचायत के समाजसेवी संजय प्रसाद कुशवाहा ने धनवार पंचायत से मुखिया प्रत्याशी अनिरुद्ध प्रसाद के समर्थन में अपना नाम वापस लिया। साथ ही साथ उन्होंने कहा की अनिरुद्ध प्रसाद धनवार पंचायत के एक सच्चे, नेक और ईमानदार व्यक्ति है पंचायत के हर एक लोगो के सुख दुख में साथ देते है। साथ ही साथ उन्होंने कहा की अगर धनवार पंचायत की जनता इनको चुनकर लाती है तो मैं आश्वस्त होकर कहता हूं की धनवार पंचायत का चहुमुखी विकास होगा और विकास के नाम पर प्रखंड में पहला स्थान प्राप्त करेगा।

## मुस्लिमो का पवित्र माह है रमजान : मो0 अजहरुदीन

### रोजा में अल्लाह अपने बंदों की लेते है कड़ी परीक्षा : मो0 सागीर

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



मो अजहरुद्दीन



मो सगीर

रमजान माह की जानकारी देते हुए मलकोको निवासी मो अजहरुद्दीन एवं लसक. ारी निवासी मो सागीर ने बताया की इस्लाम धर्म में रमजान माह को पवित्र माना जाता है। इस महीना में लोग सभी प्रकार के बुराइयों से दूर रहते है। पाक रमजान माह को अल्लाह से अपने नजदीकियों को बढ़ाने का अवसर मानते है, इस माह में रोजा रखकर खुदा की इबादत की जाती है. सूरज निकलने से लेकर सूरज ढलने तक रोजा रखा जाता है। इस दौरान रोजेदार पानी तक नहीं पीते है, रोजा में अल्लाह अपने बंदों की कड़ी परीक्षा लेते है। इस साल रमजान का पवित्र महीना। इस साल रमजान का पवित्र महीना 02 अप्रैल से शुरू हुआ और 03 अप्रैल से रोजा रखा गया

**रमजान का इतिहास**

इस्लामिक मान्यता है की इस माह में खुदा से मो. हम्मद साहब को कुरान की आयते मिली थी, तब से इस्लामी कैलेंडर के 9वे माह रमजान को पवित्र मानते है। इसमें खुदा की इबादत के लिए रोजे रखे जाते है और अंतिम दिन ईद उल फितर मनाते है। रमजान माह के 30 दिन 3 अशरो यानी हिस्सों में बटे हुए है, रमजान के तीन असरे रहमत, बरकत और मगफिरत है।

**रमजान के तीन असरे**

रमजान के पहले 10 दिन रहमत के होते है, इसमें खुदा की इबादत, नमाज और दान करते है, यह पहला असरा होता है। रमजान का दूसरा असरा भी 10 दिन का होता है इसमें जाने अनजाने में की गई गलतियों के लिए माफी मांगी जाती है। नेक बंदों को खुदा रहमत और बरकत देते है। रमजान के आखिरी 10 दिन तीसरा असरा होता है इसमें लोग खुदा से दुआ करते है की उनको उनके किए पापो से मुक्ति मिले और मृत्यु के बाद उन्हें अल्लाह की पनाह मिले

**रमजान में रोजा**

रमजान माह में रोजा रखने वाले बंदे सूरज निकलने से पूर्व भोजन, फल आदि खाते है, इसे सहरी कहते है। सहरी करने के बाद पूरा दिन भर कुछ भी खाना या पीना माना होता है। बढ़ती गर्मी रोजेदारों के लिए एक चुनौती होता है, ऐसे में खुदा अपने बंदे से परीक्षा लेते है शाम के समय नमाज पढ़ी जाती है और सूरज ढलने के बाद इफ्तार किया जाता है।

## बरही पश्चिमी जीप प्रत्याशी संजू देवी ने किया जन सम्पर्क,मांगा जन समर्थन

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



संजू देवी

बरही पश्चिमी जीप प्रत्याशी संजू देवी ने समजसेवी भगवान केशरी के साथ बरही के कई क्षेत्रों में जन सम्पर्क चालाया। जन सम्पर्क कर जनता की समस्या से रुबरु होते हुए उनके समाधान से संबंधित बात की। भगवान केशरी ने कहा कि पिछ्ले 30 सालों से अपने समाज की सेवा की। सभी जाति धर्म सम्प्रदाय के बीच आपसी भाईचारगी का संदेश देने का काम किया। मुझे अफसोस है कि जनप्रति. निधियों के द्वारा जो विकास कार्य होनीं चाहिए थी। वह नही हुआ। कहा कि बरही में गंभीर पेयजल संकट है। पिछ्ले 12 सालों से ग्रामीण पेय जल आपूर्ति योजना लटकी हुई है। जबकि इससे पांच पंचायत के लगभग 50 हज़ार की आबादी प्रभावित है। पेयजल आपूर्ति योजना को प्राथमिकता के आधर पर पूरा करना हमारा लक्ष्य रहेगा। संजू देवी ने कहा कि पेयजल संकट से निजात दिलाने के साथ साथ महिला सशक्तिकरण पर विशेष जोर रहेगा।






सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर




## रमजान के महीना भाईचारे और इंसानियत का पैगाम देता है : शाहिद अंसारी

**अपेम लाइवः चलकुशा**
**विक्रम सिंह**



चलकुशाः माह–ए–रमजान रहमत व बरकत की बारिश का ऐसा महीना है जिसमें हर तरफ इबादत का सिलसिला चलता है। रमजानुल मुबारक का महीना मुसलमानों के लिए सबसे अफजल महीना माना गया है। यह महीना भाईचारे और इंसानियत का पैगाम भी देता है। रोजा सिर्फ दिन भर भूखा रहने का नाम नहीं, बल्कि रोजा इंसान को इंसान से प्यार करना सिखाता है। रोजा गरीब भाइयों से मुहब्बत करने का जज्बा पैदा करता है। इस पाक महीने को तीन अशरों में बांटा गया है। पहला अशरा रहमतों का है। खुदा की तरफ से रहमत बरसती है। भीषण गर्मी और जिस्म को झुलसा देने वाली धूप के बावजूद रोजेदार अपनी इबादत में जुटे रहते हैं। उनकी इबादत के सामने मौसम की तल्खियां भी कोई असर नहीं डाल पाती हैं हदीस के हवाले से बताया कि रहमत और बरकत के नजरिए से रमजान के महीने को तीन हिस्सों (अशरों) में बांटा गया है। महीने के पहले 10 दिनों में अल्लाह अपने रोजेदार बंदों पर रहमतों की बा. रिश करता है। दूसरे अशरे में अल्लाह रोजेदारों के गुनाह माफ करता है और तीसरा अशरा दोजख की आग से निजात पाने की इबादत का जरिया बताया गया है। खुदा का हुक्म है कि रोजेदार अपनी हैसियत के अनुसार इस महीने में गरीब लोगों की ज्यादा से ज्यादा मदद करें। रोजा सिर्फ भूखे रहने का नाम नहीं है, बल्कि गरीबों से हमदर्दी का नाम है।

## चलकुशा आब्जर्वर ने किया नामांकित उम्मीदवार के साथ बैठक

**अपेम लाइवः चलकुशा**
**विक्रम सिंह**



चलकुशा : प्रखंड भवन परिसर में नामांकित उम्मीदवार जिप सदस्य पंचायत समिति सदस्य मुखिया वार्ड सदस्य के साथ बैठक आयोजित किया गया। बैठक की अध्यक्षता अनुमंडल पदा. धिकारी पूनम कुजुर व संचालन अंचलाधिकारी शशिकांत सिंकर ने किया। बैठक में मुख्य रूप समान्य ऑब्जर्वर रवि रंजन विक्रम ,संजय प्रसाद राज्य कर पदाधिक. ारी सामिल हुए। अनुमंडल पदाधिकारी ने कहा कि मुखिया पंचायत समिति सदस्य वार्ड सदस्य अपना प्रचार प्रसार दो चक्के मोटरसाइकिल से कर सकते हैं, जिला परिषद सदस्य मात्र चार चक्के की चार वाहनों के साथ ही प्रचार प्रसार कर सकते हैं। किसी भी व्यक्ति के निजी मकान पर पोस्टर पर्चा लगाने के पहले मकान मालिक का परमिशन लेना अनिवार्य है। सरकारी भवन या बिजली पोल पर किसी भी प्रकार का पर्चा पोस्टर लगाना मना है इस बैठक में प्रखंड विकास पदाधिक. ारी समरेश प्रसाद भंडारी थाना प्रभारी धनंजय सिंह,अंचल निरीक्षक सत्येंद्र दास, शैलेश रंजन, कोलेश्वर यादव, रुपेश यादव, सुरेंद्र कुमार समेत तमाम नामांकित उम्मीदवार मौजूद थे।






सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजिटल न्यूजपेपर

## इंपीरियल स्कूल ऑफ लर्निंग जमुआ के छात्र की बेरहमी से की पिटाई छात्र लापता

**अपेम लाइव : गीरिडीह**
**बजरंगी महतो**



गिरिडीह ज़िला के जमुआ में संचालित इंपीरियल स्कूल ऑफ लर्निंग में 10वीं वर्ग में अध्ययनरत छात्र 15वर्षीय रितेश कुमार वर्मा पिता रामनिवास सिन्हा को स्कूल के दो शिक्षको ने बेरहमी से पिटाई कर दी, तभी से छात्र लापता है। प्रत्यक्षदर्शी सहपाठी छात्र छात्राओं ने कहा कि शिक्षक ने रितेश कुमार वर्मा को बेरहमी से मारा रूम में बंद करके जिसके बाद से रितेश को हमलोगों ने देखा नही है। प्राप्त जानकारी अनुसार रितेश कुमार वर्मा इंपीरियल स्कूल ऑफ लर्निंग के हॉस्टल में रहकर पढ़ाई कर रहा था। स्कूल के संचालक संजय कुमार वर्मा है जिसने छात्र के गुम होने की सूचना छात्र के परिजनो को दी। सुचना पाकर मौके पर पहुंचे छात्र के परिजनो ने पूरी खोजबीन की रितेश कुमार वर्मा की मगर कहीं कोई सुराग नहीं मिला। थक हारकर जमुआ थाना को सूचना दी। सुचना पाकर मौके पर पहुंची जमुआ पुलिस ने घटना स्थल का जायजा लिया, पूछताछ की। छात्र के परि. जनो ने जमुआ पुलिस से छात्र की खोजबीन करने की गुहार लगाई। प्राप्त जानकारी के अनुसार स्कूल में ना ही कोई सिक्योरिटी की व्यवस्था है और न ही रात में जनरेटर की व्यवस्था है। गिरिडीह में कई ऐसे निजी विद्यालय संचालित है जो सुरक्षा के मापदंड को पूरा नही करती है। आख़रि गिरिडीह शिक्षा विभाग किस नींद में सो रही है या इन विद्यालयों से मिलीभगत है विभाग की? आख़रि किस आधार पर ऐसे विद्यालयों को चलाने की परमिशन देती है शिक्षा विभाग? नौनिहालों के साथ निजी विद्यालय के संचालक इतनी क्रूरता और बेरहमी से पेश आते हैं उसका जिम्मेदार कौन है? गिरिडीह जिला प्रशासन इस विषय पर संज्ञान लेकर लापता छात्र को बरामद करे और ऐसे लुटेरे विद्यालयों के संचालकों पर मुकदमा दर्ज करे। समाचार मिलने तक छात्र का कोई सुराग हाथ नहीं लगा था। छात्र के परिजनो का रो रो कर बुरा हाल है।

## मुखिया उम्मीदवार ने चलाया जनसम्पर्क अभियान, माँग जनसमर्थन

**अपेम लाइव : चौपारण**
**किशोर राणा**



बेलाही पंचायत से मुखिया उम्मीदवार मनोज यादव ने बेलाही गाँव के हरिजन टोला में जनसम्पर्क अभियान चलाकर लोगों जनसमर्थन माँगा। मनोज यादव ने कहा हर वर्ग का जनसमर्थन मिल रहा है। कहा हमारी उम्मीदवारी से सभी वर्ग के लोगों में उत्साह का माहौल है। मनोज यादव ने कहा पंचायत चुनाव में जनता का जनसमर्थन मिला तो पंचायत का सर्वागीण विकास करूँगा। कहा सरकार की योजनाओं को हर जरूरतमंदों पहुंचाना मेरी पर प्राथमिकताओं में शामिल होगा। इस दौरान पप्पू राणा, अशोक ठाकुर,मुकेश ठाकुर, रामस्वरूप भुइयां,अजीत भुइयां,अशोक भुइयां, बिन्दो भुइयां, ठकुरी भुइयां,कामेश्वर भुइयां, कारू भुइयां, बिनोदभुइयां, रिंकू भुइयां, महरु भुइयां, चंदर भुइयां, सचिन ठाकुर, गोबिंद भुइयां, ललिता देवी,

## पुरानी रंजिश को लेकर शव यात्रा पर किया हमला, आरोपी फरार

**अपेम लाइव : गीरिडीह**
**बजरंगी महतो**



गिरिडीह ज़िला के पचंबा थाना क्षेत्र स्थित हंडाडीह गांव में एक शव यात्रा पर हमला करने का मामला प्रकाश में आया है। स्थानीय लोगों ने कहा कि पुरानी रंजिश को लेकर शव यात्रा पर हमला किया गया है। हमले में मृतक श्यामसुंदर पांडेय की बेटी और नतिनी जख्मी हो गई। घटना मंगलवार सुबह की बताई जा रही है। घटना के बाद मृतक श्यामसुंदर पांडेय की बेटी मुन्नी कुमारी ने आरोपी रिश्तेदारों के खिलाफ़ पचंबा थाना में प्राथमिकी दर्ज कर इंसाफ की गुहार लगाई है। प्राप्त जानकारी अनुसार पचंबा थाना क्षेत्र के हंडाडीह में मंगलवार की सुबह श्यामसुंदर पांडेय की मौत के बाद उनकी बेटी मुन्नी कुमारी और नतिनी अंजली कुमारी मुहल्ले के लोगों के सहयोग से अपने पिता श्यामसुंदर पांडेय के पार्थिव शरीर का दाह संस्कार करने के लिए मुक्तिधाम लेकर जा रही थी। इसी दौरान मुरली पांडेय उसकी पत्नी और उसके बेटे अशोक पांडेय, सुबोध पांडेय, विकाश पांडेय ने शवयात्रा पर हमला कर दिया। हमला होते ही शव यात्रा में शामिल लोग इधर उधर जान बचाकर भागने लगे । किसी स्थानीय ग्रामीण ने घटना की सूचना पचंबा थाना को दी। जब तक पचंबा थाना पुलिस घटना स्थल पर पहुंची सारे आरोपी फरार हो गए। पुलीस के आने के बाद शव का अन्तिम संस्कार किया गया।

## विष्णुगढ़ में मुखिया के सात व वार्ड सदस्य में 19 पर्चे हुए दाखिल

**अपेम लाइव : विष्णुगढ**
**मिथिलेश गोल्डी**




विष्णुगढ़ में नामांकन पर्चा दाखिल करता एक अभ्यर्थी

त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को लेकर विष्णुगढ़ का माहौल पूरी तरह गर्म हो चुका है। हर ओर सिर्फ पंचायत चुनाव की चर्चा सरेआम है। चुनावी समर में किस्मत आजमाने वाले योद्धाओं का चेहरा अब सामने आने लगा है। मतदाता भी उनके आकलन में जुट गई है। विष्णुगढ़ प्रखंड कार्यालय में नामांकन प्रपत्रों की खरी. दगी एवं पर्चा दाखिल करने के लिए लोगों की भीड़ जुटने लगी है। मंगलवार को कई लोगों ने मुखिया तथा वार्ड सदस्य पद के लिए अपना नामांकन पर्चा दाखिल किया। प्रखंड मीडिया कोषांग से मिली जानकारी के अनुसार मुखिया के लिए मंगलवार को 50 नामांकन पर्चे क्रय किए गए। वहीं, सात नामांकन पर्चा दाखिल किया गया। मुखिया पद के लिए पर्चा दाखिल करने वालों में गैड़ा पंचायत से सकिला खातून तथा आशा देवी, बनासो पंचायत से शंभु यादव तथा गुलाम नबी अंसारी, नागी पंचायत से बबलू बेसरा, गाल्होबार पंचायत से साजदा खातून तथा नरकी पंचायत से सुलेन्द्र गंझू शामिल हैं। वार्ड सदस्य पद के लिए मंगलवार को 86 नामांकन पर्चा क्रय किया गया। वहीं, 19 लोगों ने नामांकन दाखिल किया। विष्णुगढ़ में मुखिया के अब तक 189 तथा वार्ड सदस्य के लिए 308 पर्चे खरीदे जा चुके हैं। जिसमें मुखिया पद के कुल 07 पर्चे दाखिल हो चुके हैं। वार्ड सदस्य पद के लिए अब तक मात्र 21 लोगों ने नामांकन पर्चा दाखिल किया है। पर्चा दाखिल करने के लिए अपने समर्थकों के साथ अभ्यर्थियों की भीड़ प्रखंड कार्यालय में देखते बन रही है। अनुमान है कि जैसे-जैसे अंतिम तिथि नजदीक आएगी, नामांकन पर्चा दाखिल करने की गति में भी रफ्तार बढ़ेगी।

## सीएससी के माध्यम किया गया फसल बीमा पाठशाला का जिवंत प्रसारण

**अपेम लाइव : बिरनी**
**सब्बा अहमद**



बिरनी प्रखंड अंतर्गत मन. कडीहा पंचायत के सीएससी सेण्टर के द्वारा केंद्रीय कृषि मंत्री श्री नरेन्द्र सिंह तोमर के अध्यक्षता में आयोजित फसल बीमा पाठशाला आयोजन का लाइव प्रसारण दिखाया गया जिसमें मंडरखा गाँव के किसानों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया प्इस मौके पर मुख्य रूप से कृषक मित्र बाबूलाल महतो, सीताराम महतो रामचंद्र महतो, अनिल कुमार वर्मा, सीएससी संच. ालक गौतम कुमार भदानी, राहुल तुरी, पाचू महतो, गो. विन्द महतो, बिशुन महतो, मेघन महतो, भुनेश्वर महतो, गंगाधर महतो, कैलाश महतो, शंकर महतो, बनवारी महतो, दशरथ महतो, प्रमिला देवी दुखन महतो, प्रवेस कुमार, यशोदा देवी, कविता देवी , गीता देवी, आदि उपस्थित थे।

## साठ हज़ार की नौकरी त्याग कर,मुखिया बन कर सेवा करना चाहते है लालदेव कुमार

## जिंदल गुजरात में मैकेनिकल इंजीनियर पद पर तैनात

**अपेम लाइव : बड़कागांव**
**अमित मालाकार**



बड़कागाँव : प्रखण्ड के गोंदलपूरा,कदमा टोला निवासी लालदेव कुमार के सेवा व त्याग की भावना आश्चर्यचकित है । लालदेव कुमार 1998 ई. से जिंदल कम्पनी कच्छ गुजरात में मैकेनिकल इंजीनियर पद पर सेवा दे रहे है लेकिन अब उन्हें अपनी मिट्टी व क्षेत्र की सेवा करने की भावना दिल में जग रही है,और इसके इस फैसले से पंचायत में पूरा समर्थन मिल रहा है।लालदेव कुमार गोंदलपुरा पंचायत से मुखिया का चुनाव जीत कर निःस्वार्थ रूप से सेवा करना चाहते हैं।उन्होंने कहा कि मुझे कोई लोभ व धन की लालच नहीं है मेरा एक मात्र उद्देश्य पंचायत में मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करा कर चहुमुखी विकास कर लोगों का कल्याण करना है। अगर जनता का प्यार,आशीर्वाद व समर्थन रहा तो अपने पंचायत का कायाकल्प ही बदल देंगे। अपना पंचायत को एक प्रेरणादायक व म०डल पंचायत के रूप में विक. सित करूँगा।लालदेव के धर्मपत्नी श्री मति गीता देवी अपने ही गाँव के उत्क्रमित मध्य विद्यालय में सहायक शिक्षिका के रूप में सेवा दे रहे है।विदित हो कि लालदेव कुमार सांढ़ निवासी युवा लेखक बिपिन कुमार के रिस्ते में अपने मामा लगते है।लालदेव के इस फ़ैसले से युवा लेखक व पीएचडी स्क०लर बिपिन कुमार,भाषा खतियानी संघर्ष समिति बड़कागाँव के अध्यक्ष मिथलेश कुमार,उपाध्यक्ष राज किशोर चौधरी, अमेरिकन क०लेज ऑफ आर्ट्स के प्राचार्य अवधेश कुमार, प्रमोद कुमार महतो ,रामु महतो ,त्रिलोकी कुमार,बालदेव कुमार आदि ने जीत की कामना की है।

APEM LIVE



**अपेम लाइव न्यूज**

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर



## नापो खुर्द शिव मंदिर जलमीनार सहीत दर्जनभर से अधिक चपानल महिनों से खराब पेयजल के लिए लोग परेशान

**अपेम लाइव : बड़कागांव**
**अमित मालाकार**



बड़कागांव रू प्रखंड अंतर्गत नापोखुर्द शिव मंदिर के समीप जलमीनार पिछले दो महीनो से खराब है। जिससे जनता हाई स्कूल के बच्चों, , स्थानीय ग्रामीणों तथा बजार में आयें लोगों को पेयजल की समस्या से जूझना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने पेयजल विभाग के अधिकारी से ये मांग कि है जलमीनार को जल्द से जल्द ठीक किया जाए।ताकि स्कूली बच्चों, स्थानीय ग्रामीण, राहगीरों को पानी की परेशानियों का सामना न करना पड़े। इसके अलावा बड़कागांव प्रखंड में मुख्य रूप से कई स्थानों पर चपानल खराब है। जिसमें प्राइमरी स्कूल पंकरी बरवाडीह के पास, कुंदरु नीचे टोला में दो चापानल ख़राब ,उरेज विधालय का चापाकल खराब ,सांढ पंचायत के टोला सांढकडीह का चापाकल खराब है , बरतुआ में जिबोन मरांडी के घर के पास चापाकल खराब है , यूपीएस विद्यालय अंबा टोला में चापाकन खराब है इसके अलावा प्रखंड के कई जगह पर स्थानों पर चापाकल खराब है जिसके कारण लोगों को पानी पीने के लिए समस्या का सामना करना पड़ रहा है। भारी गर्मी एवं पानी की किल्लत को देखते हुए प्रशासन को इस पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है ताकि खराब पड़ा चापाकल को बनाया जा सके।



## बिरनी में बुधवार को दस मुखिया व बीस वार्ड सदस्य ने नामांकन किया

**अपेम लाइव : बिरनी**
**सब्बा अहमद**



त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को लेकर बिरनी प्रखण्ड मुख्यालय में बुधवार को विभिन्न पंचायत से आये दस मुखिया व बिस वार्ड सदस्य प्रत्यासियो ने अपना अपना नामांकन के लिए पर्चा भरा मुखिया प्रत्यासी में जगदीश मोदी कपिलो अफसाना खातून दलांगी ममता कुमारी आरारी गीता देवी पेशम किशुन राम बिरनी माला देवी पड़रिया अभय कुमार राय खरखरी सुरेश कुमार तर्वे मंझलाडीह बासुदेव साव तेतरिया सलेडीह सामिल है।वही बिस वार्ड सदस्य में पांच महिला प्रत्यासी सामिल है। मुखिया प्रत्यासी अभय कुमार राय ने कहा कि इस बार भी खरखरी पंचायत की जनता मेरे साथ है क्योंकि हमेशा मैं जनता के दुख दर्द में साथ साथ रहा हूँ ओर पंचायत का विकाश किया हूं वहीँ सुरेश कुमार कुमार तर्वे ने कहा कि निश्वार्थ भाव से पंचायत का विकास करूँगा ओर जनता के दुख दर्द में हमेशा साथ रहूंगा। इस अवसर पर बिरनी बीडीओ सुनील वर्मा सीओ अशोक राम समेत बिरनी पुलिस व प्रखण्ड अंचल कर्मी मौजूद थे।



## दो गुटों में बंटा रहा भगहर अब तीसरे मोर्चे के इंट्री से मुकाबला हुवा दिलचस्प

**अपेम लाइव : चौपारण**
**किशोर राणा**



कभी उग्रवादियों के गढ़ माने जाने वाला भगहर अब विकास रूप पटरी पर धीरे धीरे लौट रहा है। सड़क, बिजली, पानी, शिक्षा आदि जैसी मूलभूत सु. विधाएं पहले की अपेक्षा अब बेहतर हो रहा है। भगहर की राजनीति शुरुवाती दौर से दो खेमों में बटा रहा है। एक खेमा भुनेश्वर यादव उर्फ पहलवान के इर्द गिर्द व दूसरा खेमा यदुनदंन उर्फ यददू यादव के साथ रहा। लोकसभा चुनाव, विधानसभा चुनाव या पंचायत चुनाव की राजनीति हो सबककुछ दोनो घेमो से होकर गुजरता है। बात पंचायत चुनाव की करें तो मुखिया चुनाव में पहलवान हमेशा से जददू यादव को पटखनी देकर मुखिया पद पर प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप काबिज रहे है। पंचायत चुनाव में इस वर्ष मुखिया पद एसटी सीट से बदलकर अनुसूचित जाति (अन्य) के लिए आरक्षित किया गया है। मुखिया द्वारा किये जा रहे विकास कार्यो को आधार पर व पिछले दो चुनाव व एक उपचुनाव में मिली असफलता को भूनाकर अबकी बार जीत सुनिश्चित करने के उम्मीद से अपने अपने उम्मीदवारों के पक्ष में पहलावन व यद्दु यादव चुनावी मैदान में उतरने कि तैयारी में जुटे गए है लेकिन इस बार दोनो खेमो में सेंधमारी करते हुए तीसरे मोर्चे ने एंट्री मारकर दोनो खेमों में खलबली मचा दिया। दोनो घेमो से नाराज लोगों ने विकास यादव व अन्य ने तीसरा मोर्चा बनाकर अपना साझा उम्मीदवार रामबचन भुईयाँ को चुनावी मैदान में उतारा, चुनावी बिगुल फेंक दिया। वही पहलावन गुट ने कृष्णा रविदास को अपना उम्मीदवार बनाया है जबकि यद्दु यादव गुट ने मुकेश भुइयाँ को अपना उम्मीदवार बनाकर चुनावी मैदान में कूद पड़े है। बहरहाल आने वाला समय बताएगा कि भगहर पंचायत का सिहांसन किसके पाले में गिरता है। कौन किसपर भारी पड़ता है किसका दांव पेंच सफल होता है, किसके माथे जीत का शेहरा बँधता है आगामी 14 मई के चुनावी परिणाम के बाद तय होगा।



